सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 675/सो.आ.नि.–322/2017

दिनाँकः 09 फरवरी, 2018

प्रेषक,

निदेशक

सोशल आडिट,

उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,

(गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर एवं कासगंज को छोड़कर) उत्तर प्रदेश।

विषयः **सोशल आडिट संगठन के अर्न्तगत संविदा पर इंगेज किए गए जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की परफारमेन्स रिपोर्ट उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्र सं0 484/सो0आ0नि0–312/15 दिनांक 06–11–2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सोशल आडिट संगठन के अधीन इंगेज किए गए सभी कार्मिकों को आचरण, सत्यनिष्ठा, अनुशासन एवं कर्तव्यपालन के मानदण्डों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त के क्रम जनपदों में संविदा पर इंगेज जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर अपनी आख्या दिनांक 28–02–2018 तक तक निर्देशालय को भेजने का कष्ट करें :–

1– आपके जनपद में संविदा पर इंगेज जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर निरन्तर अपनी सेवाएं दे रहे हैं अथवा नहीं। किसी कारण से यदि सेवाएं व्यवधानित हुई हों तो उसका पूर्ण विवरण साथ में भेजें।

2– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर द्वारा दिनांक 01–4–2017 से आज तक लिए गए अवकाश का विवरण।

3– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर द्वारा दिनांक 01–4–2017 से आजतक किए गए कार्यों का विवरण।

4– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के विरूद्ध प्राप्त गम्भीर/विशेष शिकायतों का विवरण।

5– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के आचरण, सत्यनिष्ठा, अनुशासन एवं कर्तव्यपालन के सम्बन्ध में स्पष्ट आख्या।

कृपया निर्धारित तिथि तक अपनी स्पष्ट आख्या प्रत्येक जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर का नाम, विकास खण्ड की तैनाती स्थल सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

09/02/18

(राजवर्धन)

निदेशक।

rakesh-17-18